राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2015

राजस्व लोक अदालत ''न्याय आपके द्वार'' कैम्प 2015 ग्राम पंचायत कुशलपुरा
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर भीम
(नरेन्द्र कुमार जैन पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कैम्प कोर्ट)
कैम्प कोर्ट का स्थान :– ग्राम पंचायत कुशलपुरा

निर्णय दिनांक – 4 जून, 2015

प्रकरण सं. – 10/2011 प्रा.प.

1. श्री केसुराम पुत्र श्री बरदाराम जाति सालवी निवासी देवडूंगरी तहसील भीम

प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री देवीलाल पुत्र श्री भेराराम जाति सालवी निवासी देवडूंगरी तहसील भीम
2. श्री कालुराम पुत्र श्री भेराराम जाति सालवी निवासी देवडूंगरी तहसील भीम
3. श्री देबीसिंह पुत्र श्री खीमसिंह जाति रावत निवासी चाकहिरात तहसील भीम
4. श्री तेजसिंह पुत्र श्री खीमसिंह जाति रावत निवासी चाकहिरात तहसील भीम
5. श्री पन्नाराम पुत्र श्री गंगाराम जाति सालवी निवासी देवडूंगरी तहसील भीम

अप्रार्थीगण

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राज. लेण्ड रेवेन्यु एक्ट
वास्ते कराये जाने पक्की पत्थरगढी

उपरोक्त प्रकरण में प्रार्थीगणो का निम्न प्रकार प्रार्थना पत्र है कि मौजा बग्गड पटवार मण्डल बग्गड तहसील भीम के आराजी खसरा नम्बर 2452 रकबा 10 बीघा 16 विस्वा एवं खसरा नम्बर 2269 रकबा 1 बीघा 10 विस्वा एवं खसरा नम्बर 2367 रकबा 02 बीघा 1 विस्वा किस्म बंझड होकर प्रार्थी अपने हिस्से आये उक्त खसरा नम्बरो पर रकबे के अनुसार काबिज होकर उपभोग एवं उपयोग कर रहा है। खसरा नम्बर 2252 के पडोस में खसरा नम्बर 2221 अप्रार्थी भेरूसिंह एवं गोपालसिंह होकर उनके रकबे अनुसार उस काबिज हो चले आ रहे है। खसरा नम्बर 2252 उत्तर दिशा की तरफ लाल निशान लगाकर पत्थर का कोट लगाने पर उतारू हो गये है। मना करने पर लडाई झगडा कर रहे है। अप्रार्थीगण सलाह होकर लडाई झगडा करने तथा मारपीट करने पर उतारू हो रहे है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2015 कैम्प बग्गड में प्रार्थी एवं अप्रार्थीगणो को बाद समझाईश आपसी राजीनामे उपरोक्त वर्णित आराजी खसरा नम्बर 2269 , 2452, 2367 के दोनो पक्षो की उपस्थिति में पत्थरगढी कराये जाने के आदेश दिये जाते है।

तहसीलदार भीम को लिखा जावे कि प्रार्थी से नियमानुसार शुल्क जमा करा उक्त विवादित भूमि की पत्थरगढी करा पालना से अवगत करावे। निर्णय आज दिनांक 10.06.2015 को कैम्प बग्गड में लिखा जाकर सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

सहायक कलक्टर
भीम जिला– राजसमन्द

सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, भीम
जिला - राजसमन्द